**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 20.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा–शिक्षा समाज में बदलाव और समानता लाने का सबसे बड़ा माध्यम।**
- **जयपुर में आज राइजिंग राजस्थान एनर्जी प्री–समिट के तहत ऊर्जा क्षेत्र में साढे छह लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किये गए।**
- **प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों में अब प्री प्राइमरी कक्षाएं शुरू की जाएंगी–प्रवेश का काम कल से।**
- **राज्य में पारे में और गिरावट–माउंट आबू के अलावा चार–पांच अन्य स्थानों का न्यूनतम तापमान इकाई अंक में दर्ज।**

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा समाज में बदलाव और समानता लाने का सबसे बड़ा माध्यम है। आज झुंझुनूं जिले के काजरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि शिक्षा से जो चरित्र मिलता है, उसी से व्यक्ति के व्यक्तित्व का पता चलता है। श्री धनखड़ ने अनुशासन, संस्कार और मानव निर्माण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कम उम्र में ही बच्चों को नैतिक संस्कार दिये जाने पर जोर देते हुए कहा कि आपसी भाईचारा और अनुशासन बच्चों के जीवन के अभिन्न हिस्से होने चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश की आत्मा ग्रामीण अंचल में है। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता किसान भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही रहता है। उन्होंने कहा कि पंचायत राज और नगर पालिका जैसी संस्थाओं के माध्यम से भारत ने लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक सशक्त किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे एक "गेम–चेंजर" बताया। उन्होंने कहा कि तीन दशकों के बाद भारत को एक नई शिक्षा नीति मिली है, जिसका उद्देश्य छात्रों को कौशलयुक्त बनाना है। यह नीति भारत को 2047 तक विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए आग्रह किया कि वे अपने दादा–दादी और नाना–नानी के नाम पर पेड़ लगाएं। इस अवसर पर शहरी विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा सहित कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

000

जयपुर में आज राइजिंग राजस्थान एनर्जी प्री–समिट में ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों के साथ साढे छह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश एमओयू किये गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में हुए इन एमओयू में सौर, पवन, हरित हाइड्रोजन, हाइब्रिड, पंप स्टोरेज, बैटरी स्टोरेज और हरित अमोनिया परियोजनाओं सहित अक्षय ऊर्जा और बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन से राज्य में लगभग 70 हजार नए रोजगार सृजित होंगे।

.............

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 लाएगी, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में नई संभावनाओं पर काम किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत–2047 के विजन के अनुसार राज्य सरकार भी इस लक्ष्य के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें राजस्थान बहुत महत्वपूर्ण साझेदार बन सकता है। श्री शर्मा आज जयपुर में सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' में सिंगापुर महत्वपूर्ण भागीदार है तथा सिंगापुर ने अपने आर्थिक मॉडल से विश्व को प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में स्वास्थ्य, जल संचय, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में विश्वभर से निवेश के नए अवसरों को खोलने के लिए अगले महीने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट के तहत अब तक 20 लाख करोड़ रूपए के एमओयू हो चुके हैं। श्री शर्मा ने इस

ऐतिहासिक आयोजन में सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल को भी आने का न्यौता दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सिंगापुर डेलिगेशन की यह यात्रा न केवल राजस्थान और सिंगापुर के संबंधों को मजबूत बनाएगी बल्कि राजस्थान के विकास और वैश्विक संपर्क में नई संभावनाएं भी खोलेगी।

000

जयपुर में होने वाले राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों का मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर आयोजन स्थल की प्रवेश और निकास व्यवस्था, वीवीआईपी आवागमन, पार्किंग, यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा और पुलिस महानिदेशक यूआर साहू भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल पर साफ–सफाई, अस्थायी ढांचे के निर्माण और स्टॉल्स के प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

000

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज समरावता गांव का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकार की ओर से किये गये फैसलों के बारे में जानकारी दी। गांव में लोगों से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री के कहने पर कल हुए फैसलों के बारे में गांव वालों को बताया गया है।

..............

डॉ. मीणा ने कहा कि उपचुनाव के समय हुए घटनाक्रम में कारण हुए नुकसान का सर्वे शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार पीड़ितों को मुआवजा देगी। ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास के काम करवाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि समरावता समेत 28 गांवों को देवली उपखंड की जगह उनियारा में शामिल करने पर भी सरकार सहमत है। इससे पहले, डॉ.मीणा ने टोंक जाकर समरावता मामले के आरोपियों से जेल में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ अन्य भाजपा नेता और अधिवक्ता भी रहे।

000

प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों में भी अब प्री प्राइमरी कक्षाएं शुरू की जाएंगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने यह आदेश जारी किये हैं। इसके लिए राज्य में पहले चरण में 402 पीएम श्री स्कूलों को चुना गया है, जिनमें तीन साल प्री प्राइमरी कक्षाएं शुरू करने की मंजूरी दी गई है। इसके लिए कल से प्रवेश का काम शुरू किया जाएगा। ये कक्षाएं सप्ताह में पांच दिन चलाई जाएंगी, जिनकी अवधि रोजाना चार घंटे की होगी। प्री प्राइमरी कक्षाओं में तीन साल या इससे अधिक आयु के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा और हर पीएम श्री स्कूल में इसके लिए अधिकतम 25 सीटें होंगी।

000

प्रदेश में 75वां संविधान दिवस आगामी 26 नवम्बर को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। युवा मामले और खेल विभाग के शासन सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया कि इस उपलक्ष में जयपुर में संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक पदयात्रा निकाली जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में सेना, राजस्थान पुलिस, आरएसी और निजी स्कूलों द्वारा बैंडवादन की प्रस्तुति दी जाएगी। पर्यटन विभाग के सहयोग से पदयात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान जगह–जगह सेल्फी बूथ लगाये जाएंगे। प्रदेश के सभी जिलों में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

000

पूर्व विधायक गिरीराज सिंह मलिंगा ने आज धौलपुर जिले के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विशेष न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक की जमानत रद्द करने के बाद सरेंडर करने के आदेश दिए थे। मलिंगा पर विद्युत विभाग के अभियंता के साथ मारपीट का आरोप है।

000

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज़ चिश्ती ने आज सवाईमाधोपुर में जनसुनवाई की। उन्होंने कहा कि आयोग राज्य की महिलाओं की समस्याओं के निदान के लिए पूरी तरह से तत्पर है। इस दौरान 35 मामलों को सुना गया, जिनमें घरेलू हिंसा, मारपीट, बिजली के बिल, राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाने, बच्चों से नहीं मिलने देने और पति द्वारा त्याग दिए जाने जैसे मामले शामिल थे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

000

टोंक जिले के बीसलपुर बांध की दोनों नहरों से आज सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया। आज बांध के अधिकारियों ने सुबह पूजा अर्चना की। इसके बाद दाईं और बाईं नहर से पानी छोड़ा गया। बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता वी.एस. सागर ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश होने से बीसलपुर बांध पूरी तरह भरा हुआ है। इस कारण बांध की दाईं और बाईं नहरों से 105 दिनों तक फसलों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ने का प्रस्ताव है।

000

राज्य में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हुई है। माउंट आबू के अलावा चार–पांच अन्य स्थानों का न्यूनतम तापमान इकाई अंक में आ गया है। इनमें शेखावाटी क्षेत्र के कुछ स्थान शामिल हैं। 14 अन्य स्थानों पर पारा 10 डिग्री से 12 डिग्री के बीच मापा गया। राजधानी जयपुर में भी रात के पारे में और गिरावट हुई है। प्रदेश में दिन का तापमान भी 32 डिग्री से नीचे आ गया है। अधिकतर स्थानों पर पारा अब सामान्य से नीचे चल रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार तक इसी तरह के तापमान रहने और मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

000

बाड़मेर सेक्टर में तैनात सीमा सुरक्षा बल की 76वीं बटालियन ने सर्वश्रेष्ठ बटालियन का ख़िताब जीत कर "जनरल चौधरी ट्रॉफी" हासिल कर ली है। "वीर छिहत्तर" के नाम से जानी जाने वाली बीएसएफ इस वाहिनी के जवानों ने शारीरिक और बौद्धिक क्षमता तथा संक्रियात्मक उपलब्धियों जैसे मापदंडों पर खरा उतरते हुए ये ख़िताब अपने नाम किया। ग़ौरतलब है कि 76वीं बटालियन ने पहली बार सर्वश्रेष्ठ वाहिनी का ख़िताब अपने नाम किया है।

000